Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)

अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

पहाड़ में हो रही भारी बारिश का कहर जारी

आफत

भारी भूस्खलन के चलते कई दर्जन सड़के हुई बंद

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद व उससे जुड़ी तहसील मुंसयारी व धारचूला में भारी बारिश का कहर जारी है। बता दें कि पहाडों में हो रही भारी बारिश के चलते अब सीमांत जनपद की तहसीलों में जगह जगह नुकसान के समाचार मिल रहे है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत जपनद की तहसीलों में जगह जगह भारी भूस्खलन के चलते कई दर्जन सड़कों के बंद होने के समाचार मिल रहे है। सीमांत जनपद की तहसीलों में लोग घरों में ही कैद रहने को मजबूर हो चुके है। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीनों मार्ग अभी भी खुलने के आसार कम ही नजर आ रहे है। जगह जगह उफनते नाले व सड़कों में हो रहे भारी भूस्खलन के के चलते वाहनों का हुजुम लग गया है। भारी वर्षा के कहर के चलते अस्कोट कर्णप्रयाग मार्ग पर थल के पास एक विशालकाय चीड़ का पेड गिरने की वजह से सड़क धंस गई है।

धारचूला,तवाघाट, लिपुलेख मार्ग पर धारचूला से गर्बाधार के मध्य घटखोला,टीवी टावर,दोबाट एलागाड,चेतलकोट ,तीनतोला गस्कू ,मांगती व गर्बाधार में जगह जगह चटटानों के खसकने से मार्ग संपूर्ण ओर से बंद हो चुका है।

सीमांत तहसील मुसयारी के नाचनी से बांसबगड रोड पर कई जगह कई मीटर सड़क के बहने के समाचार मिले है। वही इस इलाके में रात्रि दो बजे के बीच आसपास के मकानों में भारी मलबा गिरने के समाचार मिले है। परिवार के काफी शोर मचाने के बाद स्थानीय लोग मौके पर रात को इन परिवार के लोगों को राहत बचाव देने मौके पर पहुंचे। इन लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

नाचनी कोटयूडा सुंदरी मोटर मार्गपूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। वही बीआरो को मार्ग खोलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीमांत के तहसीलों में काली व गोरी नदी का जल स्तर खतरे के निशान के उपर बह रही है। सीमांत तहसीलों में जगह जगह बंद पड़ी सड़कों के कारण इन गांवों में बीमार पड़े लोगों व गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

वही बंद पडी सड़कों के कारण क्षेत्र के लोगों को जान जोखिम में डालकर कई किमी पैदल चलकर आवाजाही करने को विवश होना पड़ रहा है। स्थनीय लोगों को गांवों में देर रात से जारी भारी बारिश के चलते भय के माहौल में रात बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है।

मंडलायुक्त ने आपदा प्रभावितों की समस्याओं को सुना

संवाददाता पिथौरागढ। मंडलायुक्त अरविंद हयांकी ने आपदा सीमांत के बंगापानी व लुम्ती व धारचूला के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा कर वहां के लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए गांवों में हुए नुकसान को जायजा भी लिया।

वही हयांकी ने मौके पर प्रभावितों की समस्याओं को सुनने के साथ अधिकारियों को मुआवजा वितरण और पुनर्निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश भी दिये।`

नही रहे फुगटा के अध्यक्ष

संवाददाता पिथौरागढ। एलएसएम महाविधालय पिथौरागढ में हिन्दी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष व फुगटा के अध्यक्ष डां अजय शुक्ल का बीते बुधवार उनके आवास बनारस में आकस्मिक देहांत हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिलेके महाविधालय में कार्यरत अध्यापकों व अध्यापिकों व प्राचार्य डा सूंठा व अन्य सामाजिक संठनों व जिले के छात्र संगठनों व जागरूप सामामिजक संगठनों ने शहर के तमाम वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों व विधायक चंन्द्म पंत व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत नेगहरा दुख प्रकट किया है।